# भूगोल / GEOGRAPHY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

**2014**

| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|
| Time allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों / मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) आपको दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र पर, निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए । अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों का महत्त्व प्रत्येक प्रविष्टि के लिए अधिक-से-अधिक 30 शब्दों में लिखिए, भले ही वह भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक हों :

(i) गुरु शिखर

(ii) भोर घाट

(iii) श्रावणबेलगोला

(iv) कालीबंगन

(v) गंगा सागर

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than 30 words for each entry : *2×5=10*

(i) Guru Shikhar

(ii) Bhor Ghat

(iii) Shravanabelagola

(iv) Kalibangan

(v) Ganga Sagar

(b) समझाइए कि किस प्रकार पारिस्थितिक-पर्यटन कार्यकलाप देश के हिमालयी और उत्तर-पूर्वी प्रदेशों में एक महत्त्वपूर्ण जीविका-विकल्प हो सकते हैं । (150 शब्द)

Explain how eco-tourism activities could be important livelihood options in the Himalayan and North-Eastern regions of the country. (150 words) *10*

(c) अपवाह प्रतिरूप किस प्रकार जल-विभाजक (वाटर डिवाइड) के द्वारा निर्धारित होता है ? (150 शब्द)

How is drainage pattern determined by the water divide ? (150 words) *10*

(d) भारत में ताप विद्युत् संयंत्रों और कोयला क्षेत्रों की अवस्थिति एक दूसरे की साधक नहीं है । विश्लेषण कीजिए । (150 शब्द)

Location of thermal power plants and coal fields in India are not mutually conducive. Analyse. (150 words) *10*

(e) क्या कारण है कि कृषि और सामाजिक वानिकी अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सफल नहीं हो पाई है ? (150 शब्द)

Why has agro and social forestry has failed to achieve its objectives ? (150 words) *10*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

**Q2.** (a) भारत में लैटेराइट मिट्टी के वितरण पर और कृषि के लिए इसके विशिष्ट उपयोग पर प्रकाश डालिए ।

Bring out the distribution of Laterite soils in India and their specific use for agriculture. *20*

(b) दुर्लभ स्पीशीज़ के विलोपन का उल्लेख करते हुए वन्य-प्राणी संरक्षण के उपाय सुझाइए ।

Suggest the measures of wild-life conservation with reference to extinction of rare species. *15*

(c) भारत में कृषि-आधारित उद्योगों की समस्याओं का सामान्य रूप से और कपास वस्त्र उद्योग की समस्याओं का विशेष रूप से वर्णन कीजिए ।

Describe the problems of agro-based industries in India in general and cotton textiles in particular. *15*

**Q3.** (a) कावेरी नदी के अपने नदीय क्षेत्र में, उसकी सामाजिक-आर्थिक और पारिस्थितिक भूमिकाओं को उजागर कीजिए ।

Highlight the socio-economic and ecological roles of River Cauvery in its riverine tract. *20*

(b) राष्ट्रीय जलमार्ग सं. 1 की समस्याओं और संभावनाओं की विवेचना कीजिए ।

Discuss the problems and prospects of National Waterway No. 1. *15*

(c) 'भारत में निर्माण करो' संकल्पना की व्याख्या कीजिए एवं उसकी सफलता के लिए अत्यावश्यक तत्वों (इनपुटों) को इंगित कीजिए ।

Explain the concept of 'Make in India' and indicate the essential inputs for its success. *15*

**Q4.** (a) रायलसीमा प्रदेश के प्रमुख जलवायवी अभिलक्षणों का वर्णन कीजिए ।

Describe the salient climatological characteristics of Rayalaseema region. *20*

(b) 'हरित क्रांति के विभिन्न नकारात्मक प्रभावों के बावजूद, नई हरित क्रांति के लिए माँग हो रही है ।' स्पष्ट कीजिए ।

'In spite of various negative impacts of Green Revolution, there is a demand for New Green Revolution'. Elaborate. *15*

(c) कुटीर उद्योग के विकास की प्रोन्नति करने के लिए हमारी व्यापार नीति में कौन-से वांछित संभव परिवर्तन हैं ?

What are the desired possible changes in our trade policy to promote the development of cottage industry ? *15*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** (a) आपको दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र पर, निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों का महत्त्व प्रत्येक प्रविष्टि के लिए अधिक-से-अधिक 30 शब्दों में लिखिए, भले ही वह भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/ सांस्कृतिक हों :

(i) मूंदरा पत्तन

(ii) चाँदीपुर

(iii) महेन्द्रगिरि

(iv) हज़ीरा

(v) वेम्बनाड झील

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than 30 words for each entry : *2×5=10*

(i) Mundra Port

(ii) Chandipur

(iii) Mahendragiri

(iv) Hazira

(v) Vembanad Lake

(b) भारत में ह्रासोन्मुख शिशु लिंगानुपात के निहितार्थों पर प्रकाश डालिए। (150 शब्द)

Highlight the implications of declining child sex ratio in India. (150 words) *10*

(c) भारत में 'स्मार्ट नगरों' के विकास की साध्यता का विश्लेषण कीजिए। (150 शब्द)

Analyse the feasibility of 'Smart Towns' Development in India. (150 words) *10*

(d) भारत में अनावृष्टि प्रवण क्षेत्रों की पहचान करने की कसौटियों पर टिप्पणी कीजिए। (150 शब्द)

Comment on the criteria of identifying Drought Prone Areas in India. (150 words) *10*

(e) पड़ोसी देशों पर, भारत के राजनैतिक प्रभाव के निर्धारण में, भू-भाग (टैरेन) की भूमिका पर प्रकाश डालिए। (150 शब्द)

Bring out the role of terrain in determining India's political influence over neighbouring countries. (150 words) *10*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

**Q6.** (a) उत्प्रवासन (ऐमिग्रेशन) में प्रवृत्तियों पर, उसके प्रमुख दबाव पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, चर्चा कीजिए।

Discuss the trends in emigration focusing on its major thrust. *20*

(b) शहरी संकुलनों (अर्बन ऐग्लोमरेशन्स) की बहुविध समस्याओं के कारण बताइए।

Account for the multiple problems of urban agglomerations. *15*

(c) पिछड़े प्रदेश अनुदान निधि कार्यक्रम का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the Backward Regions Grant Fund Programme. *15*

**Q7.** (a) एक अर्थपूर्ण कौशल विकास कार्यक्रम पहाड़ी क्षेत्रों की आर्थिक संवृद्धि में किस प्रकार योगदान दे सकता है ?

How can a meaningful skill development programme contribute to the economic growth of hill areas ? *20*

(b) भूकम्प की 'तीव्रता' और उसके 'परिमाण' में विभेदन कीजिए और भारत के विभिन्न भागों में इसके भिन्न-भिन्न प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

Differentiate between the 'intensity' and 'magnitude' of an earthquake and explain its varying impact in different parts of India. *15*

(c) हिन्द महासागर के उल्लेख के साथ भारत की रणनीतिक अवस्थिति के निहितार्थों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the implications of India's strategic location with reference to the Indian Ocean. *15*

**Q8.** (a) भारत कई सीमा-विवादों में उलझा हुआ है। इसके कारणों और उपचारों की व्याख्या कीजिए।

India is involved in a number of border disputes. Explain the reasons and remedies. *20*

(b) कमान क्षेत्र विकास (कमांड एरिया डवेलेपमेंट) की संकल्पना की विवेचना कीजिए और इंदिरा गांधी नहर के संदर्भ में इसकी सफलता का मूल्यांकन कीजिए।

Discuss the concept of Command Area Development and evaluate its success with reference to Indira Gandhi Canal. *15*

(c) अनुपयुक्त नगरीय भूमि उपयोग नीति, किस प्रकार से महानगरों के अन्दर और उनके आस-पास अवांछित विकास का कारण बन चुकी है ?

How has an inappropriate urban land use policy accounted for undesirable development in and around metropolitan cities ? *15*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009